# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. ग्लोबल साउथ में पहली बार आयोजित हो रहे इंडिया ए आई इम्पैक्ट सम्मेलन –2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में कुछ देर बाद संबोधित करेंगे।

2. इंडिया ए आई इम्पैक्ट सम्मेलन –2026 में बीस देशों के शीर्ष नेताओं सहित पैंतालीस से अधिक देशों के मंत्री स्तरीय प्रतिनिधिमंडल सम्मेलन में आएं है।

3. मायाबंदर में टेलीकॉम और केबल सेवाओं के उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए ट्राई विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

4. प्रशासनिक कारणों से एम वी सेन्टीनल का समय बदला। कल सुबह ग्यारह बजे कार निकोबार के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–2026 नई दिल्ली में शुरू हो गया है। पांच दिन का यह सम्मेलन किसी ग्लोबल साउथ देश में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। इस सम्मेलन में बीस देशों के वैश्विक नेता भाग लेने आ रहे है। इनमें फ्रांस, ब्राजील, स्पेन, स्विटजरलैण्ड, नीदरलैण्ड और संयुक्त अरब अमीरात आदि शामिल है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पैंतालीस से अधिक देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस सम्मेलन में शामिल होंगे। आज एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन सुषमा स्वराज भवन में विभिन्न विषयों पर पैनल चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें एआई के युग में रोजगार के भविष्य, भारत की न्यायिक प्रणाली को परिवर्तित करने के लिए एआई की भूमिका, सड़क सुरक्षा के लिए एआई और सशक्त कृषि के लिए एआई जैसे विषय शामिल हैं। अब से कुछ देर बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक विशेष पवेलियन बनाया है। यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमताओं, बढ़ते स्टार्टअप्स और जिम्मेदार एआई अपनाने के लिए नीति–आधारित दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस पवेलियन में वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर भी है। इसे मीडिया और संवाद मंच के रूप में डिजाइन किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इस पवेलियन का उद्देश्य भारत के ए.

आई पारिस्थितिकी तंत्र को केवल वैश्विक प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता के रूप में नहीं, बल्कि स्वदेशी और सामाजिक रूप से प्रासंगिक एआई समाधानों के निर्माता के रूप में प्रस्तुत करना है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अनुच्छेद–370 हटने के बाद से कश्मीर, पूर्वोतर और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों से हिंसा अस्सी प्रतिशत कम हो गई है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब इन क्षेत्रों से हिंसा पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। दिल्ली पुलिस के उनासीवें स्थापना दिवस के अवसर पर श्री शाह ने कहा मुझे देश को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हम माओवादी क्षेत्रों को हमेशा के लिए नक्सलवाद से मुक्त करने के बहुत नजदीक है। मैं देश की जनता को फिर से एक बार विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इक्कतीस मार्च तक पूरे देश को हम माओवादी हिंसा से मुक्त करने में सफल होंगे।

<><><><><><><>

मायाबंदर में TRAI उपभोक्ता आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन पच्चीस फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे महात्मा गांधी सरकारी कॉलेज,में किसा जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों को TRAI द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में अवगत कराना है, ताकि टेलीकॉम और केबल/ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं के उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, शिकायत निवारण तंत्र और नई योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सहयोग से राजधानी श्री विजयपुरम् के आई टी एफ मैदान में नौ दिवसीय अंडमान निकोबार पुस्तक मेला का आयोजन हो रहा है। इस पुस्तक मेले का उद्देश्य लोगों, विशेषकर द्वीपसमूह के युवाओं और छात्रों के बीच पढ़ने के प्रति रुचि और साहित्यिक संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह मेला सभी आयु वर्ग के पाठकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है और प्रकाशक, लेखक एवं जनता को इसके माध्यम से सीधे जुड़ने का अवसर भी मिल रहा है। इस बार मेला में संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण ने अपना स्टॉल लगाया है। इस स्टॉल की संख्या तेरह है। इन स्टॉलों में अंडमान–निकोबार की विभिन्न जनजातियों के बारे में बहुत महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रदर्शन किया गया है। यह पुस्तक मेला बाईस फरवरी तक चलेगा। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मानव विज्ञानी सात्यिकी पाल ने अंडमान निकोबार पुस्तक मेले के इस दूसरे संस्करण में सभी साहित्य प्रेमियों, शिक्षकों, छात्रों और आम जनता को भाग लेने और पढ़ने के आनंद का अनुभव करने के

लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ज्ञान प्राप्ति, नए विचारों की खोज और साहित्यिक उत्सव का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने प्रशासनिक कारणों से एम.वी सेंटिनल जहाज का लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार के लिए प्रस्थान समय में संशोधन किया है। संशोधित समय के अनुसार अब यह जहाज कल सुबह ग्यारह बजे जाएगा। जहाज पर यात्रियों का चढ़ना सुबह नौ बजे से साढ़े दस बजे तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विभाग ने डीजल जनरेटर सेट इंजन 800 किलोवाट तक के लिए रेट्रोफिट उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण के प्रमाणित निर्माताओं की अद्यतन सूची वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। रेट्रोफिट उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण वेन्डर्स सूची और इसे समय–समय पर नए अनुमोदित निर्माताओं और RECD क्षमता को शामिल करने के लिए संशोधित किया जाता है। सी पी सी बी के अनुसार, RECD निर्माताओं का प्रमाणन डीजी सेटों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है, विशेषकर शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में। सभी हितधारक जैसे उद्योग, डीजी सेट मालिक, परियोजना प्रायोजक और उपकरण आपूर्तिकर्ता से अनुरोध किया गया है कि डीजी सेटों की खरीद, स्थापना या अनुपालन क्रियाओं के समय प्रमाणित RECD निर्माताओं की सूची का संदर्भ अवश्य लें।

<><><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार अंडमान निकोबार द्वीप समूह में बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की आशंका व्यक्त की गई है। तटीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों और मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे गहरे समुद्र में न जाएं।

<><><><><><><>